(प्रपत्र-निर्णय)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कोटकासिम (अलवर)
पीठासीन अधिकारी श्री राजकुमार करवा आ0प्र0एस0

मुकदमा संख्या	दायर दिनांक	निर्णय दिनांक
36/18	30.05.2018	12.6.19

1. रामकरण पुत्र श्री हरसहाय जाति अहीर ग्राम मकड़ावा तहसील कोटकासिम जिला–अलवर राज0।

:– प्रार्थी

:: बनाम ::

1. चन्दर पुत्र श्री मुखराम
2. पूनम पत्नी बलवन्त
3. खेमराम पुत्र श्री हरनारायण जाति अहीरान निवासीयान ग्राम मकड़ावा तहसील कोटकासिम जिला–अलवर राज0।
4. राज0 राज्य जरिये तहसीलदार लैण्ड होल्डर कोटकासिम जिला–अलवर राज0।

:– अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128
राज0 भू0 राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थितः–

1. श्री रणवीर यादव अभिभाषक प्रार्थी

प्रार्थी ने मय अभिभाषक इस न्यायालय में उपस्थित होकर एक प्रार्थना पत्र अन्र्तत धारा 111 व 128 राज0 भू0 राजस्व अधिनियम 1956 इस आशय का पेश किया कि आराजी हाल खसरा नम्बर 1063/432 रकबा 0–10 बीघा वाके ग्राम मकड़ावा तहसील कोटकासिम जिला–अलवर स्थित है। विवादित आराजी मिन प्रार्थी की कब्जा काश्त खातेदारी की आराजी है। जिसपर मिन प्रार्थी काबिज व दाखिल होकर काश्त करता चला आ रहा है। विवादित आराजी के तरफ उत्तर दिशा में सरकारी सड़क, दक्षिण दिशा में अप्रार्थीया संख्या–2 पूनम की आराजी व तरफ पूर्व दिशा में अप्रार्थी संख्या–3 खेमराम की आराजी व तरफ पश्चिम दिशा में अप्रार्थी संख्या–1 चन्दर की लगती हुई आराजी है। अप्रार्थीगण आये रोज मिन प्रार्थी की विवादित आराजी की डोल को मिसमार करते रहते है और आये रोज विवाद होता है। इसलिए मिन प्रार्थी ने अपनी विवादित आराजी की पैमाईश कराने के लिए विधिवत रूप से श्रीमान तहसीलदार कोटकासिम को प्रार्थना पत्र पेश किया। विवादित आराजी की पैमाईश हल्का पटवारी ने दिनांक 18.05.2018 को मौका पर्चा तैयार कर, उपस्थित लोगो के हस्ताक्षर कराये गये। मिन प्रार्थी, अप्रार्थीगणो से अपनी विवादित आराजी की पैमाईश उक्त मौका पर्चा के अनुसार करवाने के लिए कई बार मौखिक रूप से कह चुका हूं, परन्तु वे आश्वस्त करते रहते है कि हमे कोई आपत्ति नही है। आप उक्त मौका पर्चा के अनुसार अपनी उक्त विवादित आराजी की पत्थरगढ़ी करवा लेना परन्तु दिनांक 22.05.2018 को प्रार्थीगण, उक्त मौका पर्चा के अनुसार विवादित आराजी की पत्थरगढ़ी होने से इंकार कर दिया और कहा

उप खण्ड अधिकारी
कोटकासिम (अलवर)

Scanned by CamScanner

की इस अनुसार पत्थरगढ़ी नही होने देंगे। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर मुताबिक पैमाईश दिनांक 18.05.2018 के पत्थरगढ़ी कराई जावे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या–1 लगायत 3 की तामील हो चुकी है, बावजूद सूचना उपस्थित नही।

बहस विद्वांन अभिभाषक प्रार्थी सुनी गई। विद्वांन अभिभाषक प्रार्थी ने अपनी बहस में अपने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराया ओर कहा की आराजी हाल खसरा नम्बर 1063/432 रकबा 0–10 बीघा वाके ग्राम मकड़ावा तहसील कोटकासिम जिला–अलवर स्थित है। विवादित आराजी मिन प्रार्थी की कब्जा काश्त खातेदारी की आराजी है। जिसपर मिन प्रार्थी काबिज व दाखिल होकर काश्त करता चला आ रहा है। विवादित आराजी के तरफ उत्तर दिशा में सरकारी सड़क, दक्षिण दिशा में अप्रार्थीया संख्या–2 पूनम की आराजी व तरफ पूर्व दिशा में अप्रार्थी संख्या–3 खेमराम की आराजी व तरफ पश्चिम दिशा में अप्रार्थी संख्या–1 चन्दर की लगती हुई आराजी है। अप्रार्थीगण आये रोज मिन प्रार्थी की विवादित आराजी की डोल को मिसमार करते रहते है और आये रोज विवाद होता है। इसलिए मिन प्रार्थी ने अपनी विवादित आराजी की पैमाईश कराने के लिए विधिवत रूप से श्रीमान तहसीलदार कोटकासिम को प्रार्थना पत्र पेश किया। विवादित आराजी की पैमाईश हल्का पटवारी ने दिनांक 18.05.2018 को मौका पर्चा तैयार कर, उपस्थित लोगो के हस्ताक्षर कराये गये। मिन प्रार्थी, अप्रार्थीगणो से अपनी विवादित आराजी की पैमाईश उक्त मौका पर्चा के अनुसार करवाने के लिए कई बार मौखिक रूप से कह चुका हूं, परन्तु वे आश्वस्त करते रहते है कि हमे कोई आपत्ति नही है। आप उक्त मौका पर्चा के अनुसार अपनी उक्त विवादित आराजी की पत्थरगढ़ी करवा लेना परन्तु दिनांक 22.05.2018 को प्रार्थीगण, उक्त मौका पर्चा के अनुसार विवादित आराजी की पत्थरगढ़ी होने से इंकार कर दिया और कहा की इस अनुसार पत्थरगढ़ी नही होने देंगे। अतः निवेदन है कि मुताबिक पैमाईश पत्थरगढ़ी कराई जावे।

विद्वांन अभिभाषक की बहस पर मनन किया पत्रावली एवं संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन किया। मौका पर्चा दिनांक 18.05.2018 के अवलोकन से जाहिर है कि मौका पर्चा पर प्रार्थी एवं अप्रार्थी संख्या–1 व अन्य के हस्ताक्षर है। इसलिए प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है कि आराजी हाल खसरा नम्बर 1063/432 रकबा 0–10 बीघा वाके ग्राम मकड़ावा तहसील कोटकासिम की मुताबिक पैमाईश दिनांक 18.05.2018 के पत्थरगढ़ी कराई जावे। तहसीलदार कोटकासिम को अहकाम जारी हो।

निर्णय दिनांक आज दिनांक 12·6·19 को टंकित किया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
कोटकासिम (अलवर)

Scanned by CamScanner